श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड-२४९१९९
Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

Website-http://www.sdsuv.ac.in Affiliation:- sdsuvamsuk@gmail.com

पत्रांकः- 1784 /SDSUV/Affl./2023-24 दिनांक :-26 /08/2023

कार्यालय ज्ञाप

राजभवन सचिवालय, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या– 4952 / जी0एस0 (शिक्षा) / A4–135–1 / 2017, दिनांक– 21 अगस्त, 2023 के अनुपालन में श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल द्वारा वर्ष 2024–25 एवं अग्रेत्तर सत्रों की सम्बद्धता हेतु राजभवन के सम्बद्धता पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन पत्र निम्न सारणी के अनुसार आमंत्रित किये जाते हैं:–

क्र0सं0	विवरण	समय–सारिणी
1	राज्य सरकार के स्तर से संस्थान, महाविद्यालय व राजकीय कॉलेजों में पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रदान किये जाने की अन्तिम तिथि। तत्पश्चात निर्गत अनापत्ति अगले शैक्षिक सत्र हेतु मान्य होगी।	31 दिसम्बर
2	संस्थान, महाविद्यालय व राजकीय कॉलेजों से विश्वविद्यालय में अस्थाई सम्बद्धता के प्रस्ताव प्राप्त होने की अन्तिम तिथि। तत्पश्चात जो प्रस्ताव प्राप्त होंगे वह अगले शैक्षिक सत्र हेतु मान्य होंगे	15 जनवरी
3	विश्वविद्यालय स्तर से समस्त कार्रवाई उपरान्त मा0 कुलाधिपति जी को संस्तुति सहित निर्धारित प्रारूप पर अस्थाई सम्बद्धता प्रस्ताव प्रेषित किये जाने की अन्तिम तिथि।	30 अप्रैल
4	मा0 कुलाधिपति कार्यालय में प्रस्तावों में परिलक्षित आपत्तियों का निराकरण किये जाने हेतु विश्वविद्यालय को निर्देशित करने की समयावधि	विश्वविद्यालय से प्रस्ताव की प्राप्ति तिथि से अधिकतम एक माह के भीतर
5	विश्वविद्यालय स्तर से त्रुटि निराकरण उपरान्त पुनः प्रस्ताव प्रेषित किये जाने की समयावधि	कुलाधिपति कार्यालय से निर्गत पत्र की प्राप्ति / ई–मेल से अधिकतम एक माह के भीतर
6	मा0 कुलाधिपति स्तर से पूर्वानुमोदन पर अन्तिम निर्णय की समयावधि	30 जुलाई
7	विश्वविद्यालय से आदेश निर्गत किये जाने की अन्तिम तिथि	15 अगस्त

जो भी राजकीय / अशासकीय महाविद्यालय / निजी संस्थान / महाविद्यालय नवीन पाठ्यक्रम / सम्बद्धता विस्तारण इत्यादि हेतु आवेदन करना चाहते हैं, वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट www.sdsuv.ac.in पर उपलब्ध लिंक पर लॉग–ईन कर निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवेदन करने का कष्ट करें। ऑफलाईन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

कृपया तदनुसार निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(के0 आर0 भट्ट),
कुलसचिव।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव श्री राज्यपाल / मा0 कुलाधिपति, राजभवन सचिवालय, उत्तराखण्ड।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
3. समस्त सम्बद्ध राजकीय / अशासकीय महाविद्यालय / निजी संस्थान / महाविद्यालय।
4. विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

(के0 आर0 भट्ट),
कुलसचिव।